# PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

**Time – 3 hrs.** **Class – IV** **M.M. – 80**

*Name of the student ____________________ Section ____ Date - 14.02.2024 (Wednesday)*

निर्देश–
1- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।
2– सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।
3 –प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सुंदर एवं स्पष्ट अक्षरों में उत्तर लिखिए।

### खंड – अ

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (4)**

समय अमूल्य है क्योंकि उसे किसी भी कीमत पर नहीं खरीदा जा सकता है, समय का एक पल भी घटाना या बढ़ाना किसी के लिए संभव नहीं है। पढ़ने – लिखने के लिए तो समय का पालन बहुत ज़रूरी है। जब जो समय हम पढ़ाई के लिए तय करते हैं, यदि उस समय हम व्यर्थ की बातों में समय गवाएँगे तो जीवन भर पछताना पड़ेगा। सफल विद्यार्थी का सबसे पहला कर्त्तव्य ही समय का पालन करना है। इसी से उनका जीवन सुखमय होता है।

क - समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है –
1- व्यक्ति के वश में नहीं है।
2- एक पल भी घटाया – बढ़ाया नहीं जा सकता।
3- समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है।
4- मनुष्य समय की गति को नहीं रोक सकता।

ख- विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है –
1- जीवन को सुखी बनाना
2- गुरुओं का आदेश मानना
3- जीवन में सब कुछ भाग्य पर छोड़ना
4- शिक्षा प्राप्त करना

ग- विद्यार्थी जीवन-भर क्यों पछताते रहते हैं ?
1- क्योंकि व्यर्थ की बातों में अपना समय गँवाते हैं।
2- क्योंकि वे आलसी होते हैं।
3- क्योंकि ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
4- क्योंकि माता –पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते।

घ- समय के संबंध में विद्यार्थी का कर्त्तव्य बताया गया है –
1- परिश्रम करना चाहिए।
2- असफल होने पर निराश नहीं होना चाहिए।
3- समय का पालन करना चाहिए।
4- मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए।

**प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (4)**

हे वृक्ष देवता तुम्हें नमन,
तुम धरती के पालक हो।
तुमसे ही पाते शुद्ध हवा हम,
तुम्हीं मिट्टी को जकड़े हो।
तुम्हीं से तो बारिश आती,
तुम्हीं हमें फल देते हो।
तुमसे ही है हरियाली,
तुम्हीं लकड़ी देते हो।
धरती का श्रृंगार तुम्हीं से,
तुम्हीं से यह जीवन है।

हे वृक्ष देवता तुम्हें नमन,
तुम धरती के रक्षक हो।

क- उपरोक्त कविता में देवता कहा गया है -

1- धरती को　2- मिट्टी को　3- वृक्ष को　4- बारिश को

ख- वृक्ष किसका पालक है ?

1- हवा का　2- लकड़ी का　3- बारिश का　4- धरती का

ग – वृक्ष हमें क्या –क्या देते हैं ?

1- फल　2- शुद्ध हवा　3- लकड़ी　4- उपरोक्त सभी

घ- 'शुद्ध' का विलोम है –

1- गन्दा　2- अशुद्ध　3- साफ़　4-मिलावटी

## खंड – ब

**प्र.3- एक शब्द में उत्तर दीजिए – (2)**

क- बीस दिनों तक धन दान देने पर क्या खाली हो जाएगा ?

ख- तस्वीर के कितने टुकड़े हो गए ?

**प्र.4- खाली स्थान भरिए – (2)**

क- समुद्र के पानी से -------- बनाया जाता है।

ख- धनी की उम्र ------- साल थी।

**प्र.5 किसने- किससे कहा ? (2x2=4)**

क - "लोग मेरे साथ ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे कि मैं कोई अजीबोगरीब लड़की हूँ।"

ख- "बंदरगाह पर चले जाओ, हो सकता है वहाँ तुम्हें पचास पैसे में ही मिल जाए।"

**प्र.6 क्रिया का सही रूप भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए – (2x1=2)**

क- बच्चों ने पाठ --------।　(पढ़ना)

ख- राधा गाना --------।　( गाना )

**प्र.7 सही जोड़ी मिलाओ। (2)**

1- पदुबया　　सुंदर कलगी के कारण
2- हजामिन　　हुप-हुप-हुप की आवाज़ करने के कारण
3- शाह सुलेमान　　चोंच नहरनी की तरह होने के कारण
4- हूप ऊ　　दूब में कीड़ा ढूँढने के कारण

**प्र.8 जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . कहलाते हैं। (2)**

**प्र.9 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखिए – (2)**

क- मैं पढ़ रहा हूँ। (भूतकाल)

ख - गोपी खेल रही है। (भविष्यत् काल )

**प्र.10 उचित मिलान कीजिए – (2)**

| | |
|---|---|
| अल्प विराम | ? |
| पूर्ण विराम | ! |
| विस्मयादिबोधक | । |
| प्रश्नवाचक | , |

**प्र.11 शुद्ध वाक्य चुनकर लिखिए – (2x1=2)**

क- राम ने श्याम का सहायता किया।

ख- राम ने श्याम की सहायता की।

**प्र.12 दिए गए अनेक शब्दों के लिए वाक्यांश लिखिए – (कोई दो)** **(2x1=2)**

क- धन से संबंध रखने वाला

ख- अच्छे आचरण वाला

ग- जहाँ प्रजा का राज्य हो

घ- वन में रहने वाला

## खंड – स

**प्र.13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई चार)** **(4×3=12)**

क- दान क्या होता है ? किन–किन कारणों से लोग दान करते हैं ?

ख- कौन कविता में किसकी शैतानियों की बात कही गई है ? तुमने कैसे अनुमान लगाया ?

ग- धनी यात्रा पर जाने के लिए उत्सुक क्यों था ?

घ- सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया का अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

च- संन्यासी ने सीधे –सीधे शब्दों में भिक्षा क्यों नहीं माँग ली ?

छ- हर जगह नारियल के दाम में फ़र्क क्यों था ?

**प्र.14 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई तीन)** **(3×4=12)**

क- क्या तुम्हें भी कोई काम करने या कोई बात कहने से मना किया जाता है ? कौन मना करता है ? कब मना करता है ?

ख- हुदहुद के बारे में चार वाक्य लिखिए।

ग- भीखूभाई के बारे में चार वाक्य लिखिए।

घ - निम्न शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए तथा दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए। (**कोई एक**)

उत्तर, पर, हार

च- 'सुनीता की पहिया कुर्सी' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? (**कोई चार**)

**प्र.15 दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचिए तथा उनका भेद लिखिए –** **(3)**

क– सरला चतुर बालिका है।

ख – तीन किलो दूध यहाँ लाओ।

ग – मेरे घर एक साप्ताहिक पत्रिका आती है।

**प्र.16 दिए गए वाक्यों के आगे उनके काल का नाम लिखिए –** **(4)**

क- दिनेश फूल तोड़ रहा है।

ख- सुनीता नदी में तैर रही थी।

ग- बच्चे गेंद से खेलेंगे।

द- धोबियों ने कपड़े धोए।

**प्र.17 दिए गए वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए -** **(3)**

क- क्या तुम सच बोल रहे हो

ख- रुपेश के पिता एक धनी व्यक्ति हैं

ग- अरे तुम पास हो गए

**प्र.18 दिए गए अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए -** **(3)**

क- वे आया है।

ख- मेरे को स्कूल जाना है।

ग- मेरा वस्तु को हाथ मत लगाओ।

**प्र.19 दिए गए शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए -** **(3)**

क– वार्षिक ख – साकार ग- उपर्युक्त

## खंड –द

**प्र.20 पुस्तकालय से पुस्तक लेने हेतु प्राचार्य जी को आवेदन पत्र लिखिए।** **(5)**

**अथवा**

**नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।**

**प्र.21 निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

क – हमने पिकनिक मनाई ख - परिश्रम का महत्त्व ग - पेड़ लगाएँ, पर्यावरण बचाएँ